PlanetRead
Literacy for a Billion

Movie: Mahal
Year: 1949

Song: Aayega Aayega Ayega Aanewala
Lyricist: Nakhshab Jaaravchi

खामोश हैं ज़माना
चुपचाप हैं सितारे
आराम से है दुनिया
बेकल है दिल के मारे
ऐसे में कोई आहट
इस तरह आ रही हैं
जैसे की चल रहा हो
मन में कोई हमारे
या दिल धड़क रहा है
इक आस के सहारे
आएगा आएगा आएगा
आएगा आएगा आनेवाला
आएगा आएगा आनेवाला
आएगा आएगा आएगा
आएगा आनेवाला
आएगा आएगा आएगा

दीपक बगैर कैसे
परवाने जल रहे हैं
दीपक बगैर कैसे
परवाने जल रहे है
कोई नहीं चलाता
और तीर चल रहे है
कोई नहीं चलाता
और तीर चल रहे हैं
तड़पेगा कोई कब तक
बे आस बेसहारे

तड़पेगा कोई कब तक
बे आस बेसहारे

लेकिन ये कह रहे हैं
दिल के मेरे इशारे
आएगा आएगा आएगा
आएगा आनेवाला
आएगा आएगा आएगा

भटकी हुई जवानी
मंजिल को ढूँढ़ती है
भटकी हुई जवानी
मंजिल को ढूँढती है
माँझी बगैर नैया
साहिल को ढूँढती है
माँझी बगैर नैया
साहिल को ढूँढती है
क्या जाने दिल की कश्ती
कब तक लगे किनारे
क्या जाने दिल की कश्ती
कब तक लगे किनारे
लेकिन ये कह रहे हैं
दिल के मेरे इशारे
आएगा आएगा आएगा
आएगा आनेवाला
आएगा आएगा
आएगा आएगा

*Disclaimer: PlanetRead does not own these lyrics and is not using them for any commercial purpose. For over 20 years, PlanetRead has been subtitling Bollywood songs for mass literacy. These lyrics are being offered as part of PlanetRead's literacy development initiative.*

*PlanetRead is a tax-exempt, not-for-profit: 501(c) (3) in the United States and 80(G) in India.*